स्थापना : 1959 पंजीयन क्र.: 59

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज,रायपुर (छ.ग.)

चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन. द्वितीय तल, बॉम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492001

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

**Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, Raipur (C.G.) INDIA**

**Ph.: 0771-2539275, 4034572, Mo. 9340389971**

**CCCI**

**Website : www.cgchamber.org Email : info.cgchamber@gmail.com**

क्र.सीसीसीआई /1055 /2025–26 दिनांक :–25–03–2026

प्रेस विज्ञप्ति

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की बड़ी पहल :– विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों की सलाहकार टीम नियुक्त

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और व्यापारियों को तकनीकी व कानूनी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चेम्बर द्वारा प्रदेश भर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए सीधे संपर्क में रहेगी।

जीएसटी एवं अप्रत्यक्ष कर (**GST & Indirect Tax Litigation**) विभाग में चेतन तारवानी, दयाल राजपाल, रवि ग्वालानी, योगेश वल्र्यानी, भावेश मित्तल, जितेन्द्र खनूजा, नितिन गोयल और रश्मि वर्मा सहित 23 अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये विशेषज्ञ रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, भिलाई और अन्य शहरों के व्यापारियों को जीएसटी संबंधी कानूनी पेचीदगियों पर सलाह देंगे।

आयकर एवं मुकदमेबाजी (**Income Tax & Litigation**) से संबंधित व्यापारियों को आयकर से संबंधित नोटिस और अन्य विधिक कार्यों में सहयोग के लिए हार्दिक पाटनी, मुकुल चोरड़िया, डिंपल वल्र्यानी और रितेश जायसवाल सहित 9 विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है।

**MSME** सब्सिडी, बैंकिंग एवं वित्त (**MSME Subsidy, Banking Finance**) जैसे विषय पर छोटे और मध्यम उद्योगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और बैंकिंग संबंधी सहायता के लिए अरिहंत जैन, दाहवाल शाह और विक्रम देवनानी सहित 9 सलाहकार नियुक्त किए गए हैं।

साथ ही श्रम कानून और रेरा से संबंधित विषयों के लिए हिमांशु लालवानी और सी.ए. टुटेजा जी को विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ का व्यापारी वर्ग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अक्सर जीएसटी, आयकर और बैंकिंग जैसे जटिल तकनीकी विषयों के कारण व्यापारियों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक दबाव झेलना पड़ता है। हमारा लक्ष्य केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि "व्यापार सुगमता" (**Ease of Doing Business**) को धरातल पर उतारना है।

इसी उद्देश्य के साथ हमने प्रदेश के चोटी के विशेषज्ञों की एक "एडवाइजरी टीम" तैयार की है। ये सलाहकार केवल कागजों पर नहीं, बल्कि सीधे फील्ड में उतरकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। अब किसी भी व्यापारी को नोटिस या कानूनी पेचीदगियों से घबराने की जरूरत नहीं हैय हमारी टीम उनके साथ खड़ी है। हम एक ऐसा वातावरण बनाना चाहते हैं जहाँ छत्तीसगढ़ का हर व्यापारी निडर होकर अपने व्यापार का विस्तार कर सके और प्रदेश की उन्नति में सहभागी बने।

इस नियुक्ति पर चेम्बर के पदाधिकारियों और प्रदेश भर के व्यापारी संघों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे एक ऐतिहासिक और हितकारी निर्णय बताया है।

अजय भसीन
प्रदेश महामंत्री
मो.96301–63987

सेवा में,

श्रीमान संपादक जी,

दैनिक ........................................................................ रायपुर।

प्रिय महोदय,

निवेदन है कि उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक में प्रकाशित करने की कृपा करेंगे।

भवदीय
कार्यालय सचिव